Lal Hai Chunri | By Nikunj Prem

लाल है चुनरी लाल है चूड़ा ला है माँ का कंगना
लाल रंग पंडाल सजा है, लाल है माँ का अंगना

शेरावाली के मस्तक पे लाल है बिंदिया साजे
लाल रंग के हीरे मोती माँ के मुकुट विराजे
लाल रंग से प्यारा मोहे लागे कोई रंग ना
लाल है चुनरी लाल है चूड़ा ला है माँ का कंगना
लाल रंग पंडाल सजा है, लाल है माँ का अंगना

लाल है साडी लाल कमल है, लाल दिए की ज्वाला
डाल के बैठी माता गले में लाल पुष्प की माला
दर्शन पाके महारानी के मैं तो कुछ नहीं मंगना
लाल है चुनरी लाल है चूड़ा ला है माँ का कंगना
लाल रंग पंडाल सजा है, लाल है माँ का अंगना

नाक में माँ ने लाल नागो की जड़ित नथुनिया डाली
लाल रंग की रची है मेहँदी, लाल है माँ की लाली
रंग गए सारे माँ के रंग में मैं क्यूँ जाऊं रंग न
लाल है चुनरी लाल है चूड़ा ला है माँ का कंगना
लाल रंग पंडाल सजा है, लाल है माँ का अंगना

https://bhaktivandana.com/lyrics/lal-hai-chunri-by-nikunj-prem/